LIC

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

एलआईसी की "आनंदा" - आत्म निर्भर अभिकर्ता नव व्यवसाय डिजिटल अनुप्रयोग 'एक कदम आगे' ....

आत्म निर्भर अभिकर्ता नव व्यवसाय डिजिटल अनुप्रयोग (आनंदा) के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया के उपरान्त, भारतीय जीवन बीमा निगम ने आनंदा में ऑनलाइन प्रस्ताव जमा संग्रहण की सुविधा को जोडा है, इस सुविधा के प्रयोजन से, ग्राहक, भुगतान गेटवे का उपयोग कर अपनी सुविधानुसार, विभिन्न विकल्पों जैसे क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ नेटबैकिंग/ वॉलेट/ यूपीआई आदि के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्ताव जमा का भुगतान कर सकते हैं। इस प्रयोजन को भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष श्री एम आर कुमार के करकमलों द्वारा प्रबंध निदेशकों श्री टी सी सुशील कुमार, श्री विपिन आनंद, श्री मुकेश कुमार गुप्ता और श्री राज कुमार की उपस्थिति में दि.05.01.2021 को प्रारंभ किया गया। निगम के सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं कार्यकारी निदेशकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया। एलआईसी के ग्राहक अब ऑनलाइन बीओसी के साथ, अभिकर्ता डिजिटल अनुप्रयोग के माध्यम से यूलिप योजनाओं के निवेश में सक्षम होंगे। यह डिजिटल पहल, एलआईसी के अभिकर्ताओं को दिन के चौबीसों घंटे, जीवन प्रस्तावों को पूरा करने का अधिकार प्रदान करता है।

भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपना प्रथम डिजिटल अनुप्रयोग, "आनंदा", जो आत्म निर्भर अभिकर्ता नव व्यवसाय डिजिटल अनुप्रयोग का संक्षिप्तकरण है, को 19 नवंबर 2020 को शुभारंभ किया था। यह डिजिटल अनुप्रयोग प्रारंभिक प्रक्रिया का एक ऐसा उपकरण है जिससे जीवन बीमा पॉलिसी को, अभिकर्ता/मध्यस्थों की सहायता से कागज रहित मॉड्यूल के जरिए प्राप्त किया जाता है। "आनंदा", भारतीय जीवन बीमा उद्योग में अपनी तरह का पहला अनुप्रयोग है, जिसकी प्रक्रिया, एलआईसी की अपनी आंतरिक सूचना प्रौद्योगिकी इनेबल्ड प्रणाली द्वारा विकसित की गयी है। इस प्रयोजन की शुरुआत से निगम के विपणन अधिकारियों एवं मध्यस्थों के बीच उत्साह की लहर उमडी है।

मुंबई, दिनांक 06 जनवरी , 2021
आगे की जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें -

कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई।
ईमेल आईडी ed_cc@licindia.com
हमें https://www.licindia.in पर संपर्क करें।

हमारा यह मानना है कि इस विज्ञाप्ति में निहित खबर आपके पाठकों के लिए महत्वपूर्ण है। इसके जल्द से जल्द प्रकाशन के लिए हम आपको आभार व्यक्त करते है, जबकि हम यह भी भली भांति जानते हैं कि यह निर्णय पूरी तरह से आप पर निर्भर है ।